एनएचपीसी NHPC
एक नवरत्न कंपनी

Great Place To Work® Certified JAN 2026-JAN 2027 INDIA

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




**2 मार्च 2026**

**प्रिय साथियो,**

फरवरी, 2026 के दौरान एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा अर्जित प्रमुख उपलब्धियों और सफलताओं के बारे में बताते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है। आपके अटूट समर्पण और सामूहिक प्रयास से हमारा संगठन स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में उत्कृष्टता, राष्ट्र निर्माण और सतत विकास की ओर लगातार बढ़ रहा हैं।

हमने 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर परियोजना में दो ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त करते हुए इस माह की शुरुआत की है। 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 की मध्यरात्रि के दौरान, यूनिट #1 (250 मेगावाट) को 31.01.2026 को राष्ट्रीय ग्रिड से सफलतापूर्वक सिंक्रनाइज़ किया गया है। इसके तुरंत बाद, 01.02.2026 को यूनिट # 3 (250 मेगावाट) का वाणिज्यिक प्रचालन का शुभारंभ किया गया।

2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना में, हमारी टीमों और भागीदारों के समन्वित प्रयासों से एक और महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि हासिल करते हुए डायवर्जन टनल-3 की डेलाइटिंग 17.02.2026 को सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है।

हमारी व्यावसायिक विकास पहलों ने भी गति पकड़ी है। राज्य के डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए अन्य नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के साथ-साथ देवगढ़ जिले के मसिंटा में 1000 मेगावाट पंप्ड स्टोरेज परियोजना के संयुक्त रूप से विकास की खोज के लिए 12.02.2026 को भुवनेश्वर में ग्रिडको, ओडिशा सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है।

सीएसआर के मोर्चे पर, यह बहुत गर्व की बात है कि भारत की माननीय राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 04.02.2026 को ओडिशा के रायरंगपुर महिला कॉलेज में 360 सीटों वाले गर्ल्स हॉस्टल की आधारशिला रखी गई। यह परियोजना एनएचपीसी की सीएसआर पहल के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही है जो बेहतर शैक्षिक अवसंरचना के माध्यम से युवा महिलाओं को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य संबंधी देखभाल सुविधाओं की उपलब्धता को और सुदृढ़ करते हुए, पंजाब के माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया द्वारा 05 फरवरी 2026 को राजस्थान के दूरदराज और संवेदनशील सीमा क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एनएचपीसी की सीएसआर पहल के अंतर्गत दो अत्याधुनिक आईसीयू एम्बुलेंस समर्पित की गईं।

श्री मनोज सिन्हा, माननीय उपराज्यपाल, जम्मू व कश्मीर ने सामुदायिक विकास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए 12.02.2026 को जम्मू के थलवाल गांव में एनएचपीसी की सीएसआर और एसडी स्कीम के अंतर्गत एक सांस्कृतिक विरासत केंद्र की आधारशिला रखी।

दिनांक 19 से 20 फरवरी 2026 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान, एनएचपीसी ने बांध सुरक्षा, प्रचालन दक्षता और आपदा तैयारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एनएचपीसी द्वारा अपनाई जा रही डिजिटल पहलों के साथ अपनी एआई-आधारित अर्ली वार्निंग सिस्टम को प्रदर्शित किया। श्री मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने विद्युत मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, अवसंरचनात्मक प्रबंधन में सुधार किए जाने और विद्युत क्षेत्र में संधारणीय विकास को बढ़ावा दिए जाने के उद्देश्य से एनएचपीसी द्वारा अपनाई जा रही उन्नत प्रौद्योगिकियों की सराहना की।

मुझे यह बताते हुए गर्व की अनुभूति हो रही है कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 20.02.2026 को अगरतला, त्रिपुरा में आयोजित पूर्व, पूर्वोत्तर और उत्तरी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में 'ग क्षेत्र' में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए सलाल पावर स्टेशन को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस सम्मेलन के दौरान एनएचपीसी, निगम मुख्यालय, फरीदाबाद की अध्यक्षता में संचालित नराकास (का.) फरीदाबाद और सलाल पावर स्टेशन की अध्यक्षता में संचालित नराकास (का.) रियासी को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हमारे संगठन में राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए हमारी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एक और गौरवान्वित करने वाले क्षण के रूप में, बेहतर ट्रस्ट इंडेक्स स्कोर प्राप्त करते हुए एनएचपीसी को लगातार दूसरे वर्ष (जनवरी 2026-जनवरी 2027) के लिए ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि हमारे कार्मिकों पर केंद्रित नीतियों, समावेशी कार्य संस्कृति और साझा मूल्यों का प्रमाण है।

### इस माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियां :

- फरवरी 2026 में, एनएचपीसी का राजस्व 544.14 करोड़ रूपए रहा। फरवरी 2026 तक कुल संचयी राजस्व 7,999.87 करोड़ रूपए रहा।
- फरवरी 2026 में कुल विद्युत उत्पादन 741.60 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा तथा फरवरी 2026 तक का संचयी विद्युत उत्पादन 21,949 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा।
- एनएचपीसी को 11.02.2026 को नवी मुंबई में आयोजित स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज के तत्वावधान में फोरम ऑफ वीमेन इन पब्लिक सेक्टर (विप्स) के 36वीं राष्ट्रीय सम्मेलन में 'बेस्ट एंटरप्राइज अवॉर्ड' (तृतीय स्थान – नवरत्न श्रेणी) से सम्मानित किया गया।
- एनएचपीसी को दिनांक 24.02.2026 को गुरुग्राम में आयोजित समारोह में "एक्सीलेंस इन हेल्थ, वेलनेस एंड मेंटल हेल्थ स्ट्रैटेजी" के लिए ईटी एचआर वर्ल्ड ह्यूमन कैपिटल ब्रॉन्ज अवॉर्ड 2026 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार एनएचपीसी के व्यापक एवं संरचित स्वास्थ्य संरचना को दर्शाता है, जिसमें सुदृढ़ चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ मानसिक, वित्तीय एवं आध्यात्मिक कल्याण पर केंद्रित पहलें शामिल हैं।
- एनएचपीसी ने दिनांक 20.02.2026 को अरुणाचल प्रदेश के 40वें राज्य स्थापना दिवस समारोह में भाग लिया, जिसमें सुबनसिरी, दिबांग, कमला एवं अपर सियांग सहित हमारी प्रमुख परियोजनाओं को प्रदर्शित किया गया।

- एनएचपीसी ने 22 फरवरी 2026 को, एनएचपीसी आवासीय परिसर, सूरजकुंड, फरीदाबाद में 'वसंत उत्सव 2026' का आयोजन किया, जिसमें भारतीय संस्कृति की संपन्नता को प्रदर्शित किया गया।
- एनएचपीसी ने 24 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक गुरुग्राम स्थित टेरी ग्राउंड में पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में 25वें इंटर-सीपीएसयू टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के अधीन सीपीएसयू तथा अन्य संगठनों की कुल 14 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में, टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड विजेता रही, जबकि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड उप विजेता रहा।

साथियो, हमारी उपलब्धियाँ आपके अटूट समर्पण, पेशेवर उत्कृष्टता और सहयोगात्मक भावना का प्रमाण हैं। प्रगति पथ पर आगे बढ़ते हुए, आइए हम समयबद्ध परियोजना क्रियान्वयन, प्रचालन उत्कृष्टता, नवाचार और सततता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़ बनाए रखें, ताकि भारत के जलविद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एनएचपीसी की अग्रणी भूमिका और अधिक सुदृढ़ हो सके।

होली, गुड़ी पड़वा, ईद-उल-फित्तर, राम नवमी और महावीर जयंती के पावन अवसर पर मैं आप सभी को एवं आपके परिवारजनों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। ये पर्व हम सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा का संचार करें।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

## From CMD's Desk…




**2nd March 2026**

**Dear Colleagues,**

I am delighted to share the key milestones and achievements of NHPC Limited during February 2026. Your unwavering dedication and collective efforts continue to drive our organization towards excellence in clean energy generation, nation-building and sustainable development.

We began the month with two landmark achievements at the 2000 MW Subansiri Lower Project. During the intervening night of 31st January and 1st February 2026, Unit #1 (250 MW) was successfully synchronized with the National Grid on 31.01.2026. Shortly thereafter, the commercial operation of Unit # 3 (250 MW) commenced on 01.02.2026.

At the 2880 MW Dibang Multipurpose Project, the daylighting of Diversion Tunnel-3 was successfully accomplished on 17.02.2026 another major engineering milestone achieved through coordinated efforts of our teams and partners.

Our business development initiatives also gathered momentum. An MoU was signed with GRIDCO, Government of Odisha on 12.02.2026 at Bhubaneswar to jointly explore development of a 1000 MW Pumped Storage Project at Masinta in Deogarh district, along with other renewable energy projects to support the State's decarbonisation goals.

On the CSR front, it was a matter of great pride that the Hon'ble President of India, Smt. Droupadi Murmu, laid the foundation stone for a 360-seated Girls' Hostel at Rairangpur Women's College, Odisha on 04.02.2026. The project is being undertaken under NHPC's CSR initiative which reflects our commitment to empowering young women through improved educational infrastructure.

Further strengthening our healthcare outreach, the Hon'ble Governor of Punjab, Shri Gulab Chand Kataria, dedicated two state-of-the-art ICU ambulances aimed at strengthening emergency healthcare in Rajasthan's remote and sensitive border regions under NHPC's CSR initiative on 05 February 2026.

Shri Manoj Sinha, Hon'ble Lieutenant Governor of Jammu and Kashmir, laid the foundation stone for a Cultural Heritage Centre under NHPC's CSR & SD Scheme at Thalwal village, Jammu on 12.02.2026 reinforcing our commitment to community development and preservation of cultural heritage.

During the AI Impact Summit 2026 held at Bharat Mandapam from 19-20 February 2026 in New Delhi, NHPC showcased its AI-based Early Warning System along with a range of digital initiatives aimed at strengthening dam safety, operational efficiency and disaster preparedness. The Hon'ble Union Minister of Power and Housing & Urban Affairs, Shri Manohar Lal, along with senior officials from MOP appreciated NHPC's progressive adoption of advanced technologies to enhance infrastructure management and promote sustainable development in the power sector.

We are also proud to share that Salal Power Station received the First Prize from the Department of Official Language, Ministry of Home Affairs for outstanding implementation of the Official Language Policy among PSUs in 'Region C' at the Joint Regional Official Language Conference of the Eastern, North-Eastern and Northern Regions held in Agartala, Tripura on 20.02.2026. During the event, TOLIC (Office) Faridabad, functioning under the chairmanship of NHPC, Corporate Office, Faridabad, and TOLIC (Office) Reasi functioning under the chairmanship of Salal Power Station were also honored with the Second Prize reflecting our sustained commitment to promoting Rajbhasha implementation across the organization.

In another moment of recognition, NHPC has been Certified™ as a Great Place To Work for the second consecutive year (January 2026-January 2027), achieving an improved Trust Index Score. This accomplishment is a testament to our people-centric policies, inclusive work culture and shared values.

**Other major highlights of the month include:**

- In February 2026, NHPC's revenue stood at Rs 544.14 crore. Total cumulative revenue till February 2026 stood at Rs 7999.87 crore
- The total generation for the month of February 2026 was 741.60 MU and cumulative generation up to February 2026 was 21949 MU.
- NHPC was conferred with the Best Enterprise Award (Third Place - Navratna Category) at the 36th National Meet of the Forum of Women in Public Sector (WIPS) held under the aegis of Standing Conference of Public Enterprises on 11.02.2026 at Navi Mumbai.
- NHPC has been conferred the ET HR World Human Capital Bronze Award 2026 for "Excellence in Health, Wellness and Mental Health Strategy" at a ceremony held in Gurugram on 24.02.2026. The award reflects NHPC's comprehensive and structured wellness framework which encompasses robust medical benefits along with focused initiatives on mental, financial and spiritual wellbeing.
- NHPC participated in the 40th Statehood Day celebrations of Arunachal Pradesh on 20.02.2026 where our key projects including Subansiri, Dibang, Kamala and Upper Siang were showcased.

- NHPC celebrated ‘Vasant Utsav 2026 on 22nd February 2026 at the NHPC Residential Complex, Surajkund, Faridabad, showcasing the richness of Indian culture.

- NHPC successfully hosted the 25th Inter CPSU T-20 Cricket Tournament from 24 February to 1 March 2026 at Teri Ground, Gurugram, under the aegis of the Power Sports Control Board. A total of 14 teams from CPSUs and other organizations under the Ministry of Power, Government of India, participated in the tournament. THDC India Limited emerged as the winners, while Bhakra Beas Management Board secured the runner-up position.

Colleagues, our accomplishments are a testament to your unwavering dedication, professionalism, and collaborative spirit. As we progress, let us remain steadfast in our commitment to timely project delivery, operational excellence, innovation, and sustainability, thereby further strengthening NHPC’s standing as a frontrunner in India’s hydropower and renewable energy landscape.

On the joyous occasions of Holi, Gudi Padwa, Eid-ul-Fitr, Ram Navami and Mahavir Jayanti, I extend my warmest wishes to you and your family. May these festivals bring happiness, prosperity and renewed energy to all of us.

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**